# यूपीसीडा ने रोड शो कर निवेशकों को लुभाया

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपीसीडा ने चंडीगढ़ में 'उत्तर प्रदेश के फार्मास्युटिकल परिदृश्य में निवेश के अवसर' विषय पर रोड शो किया। इस रोड शो के जरिए निवेशकों को उत्तर प्रदेश में फार्मास्युटिकल उद्योग की अपार संभावनाओं से रूबरू कराया गया। निवेशकों को यूपी में व्यापार के लिए आमंत्रित भी करना था। रोड शो में फार्मास्युटिकल उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि, निवेशक और नीति निर्माता भी शामिल हुए।

यूपीसीडा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ललितपुर जिले में 1,472.33 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क का विकास कर रहा है। मुख्य अतिथि यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने यूपी को एक प्रमुख औद्योगिक गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश देश का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बन रहा है। राज्य सरकार निवेशकों को हर



फार्मा उद्योग में निवेश के लिए आमंत्रित किया सीईओ ने